Phone : 01491-238514, 9214026616

Arya Narayani Devi T.T. College

Danta, Beer Circle, Nasirabad Road, Ajmer-305025 (Raj.)

(Affiliated to M.D.S. University, Ajmer)

मकर संक्रांति महोत्सव मनाया

आज दिनांक 14.01.2023 को आर्य नारायणी देवी टी.टी. कॉलेज, अजमेर में मकर संक्रांति के उपलक्ष में पतंगबाजी एवं विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में कॉम्पिटिशन प्लस संस्थान के उपनिदेशक डॉ. मृत्युंजय शर्मा को आमंत्रित किया गया। मुख्य अतिथि के द्वारा कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। डॉ. मृत्युंजय शर्मा एवं प्रशिक्षणार्थियों ने मिलकर पतंगबाजी का आनन्द लिया। साथ ही महिला प्रशिक्षणार्थियों के द्वारा सितोलिया खेला गया। कार्यक्रम की अगली कडी में विचित्र वेशभूषा प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसकी थीम भारत की विविधता में एकता रखी गई। प्रतियोगिता में प्रशिक्षणार्थियों ने कश्मीर, पंजाब, राजस्थान, महाराष्ट्र, गुजरात एवं बंगाल राज्यों में मकर संक्रांति के पर्व के आयोजन एवं महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय प्राचार्या डॉ. मीनाक्षी शर्मा के द्वारा सभी को मकर संक्रांति की शुभकामनाऐं दी गई। कार्यक्रम में सभी प्रवक्तागण मौजूद रहे। मंच संचालन प्रवक्ता श्री अभिषेक सिंह ने किया।

प्राचार्य